# प्रतिशत (Percentage)

1. y में y में x% को घटाने का अर्थ y निम्नलिखित में से किससे गुणा करना है?

(a) $\frac{x}{100}$

(b) $\frac{x}{100}-1$

(c) $1-\frac{x}{100}$

(d) $x\left[1-\frac{x}{100}\right]$

2. यदि a का 120%, b के 80% के बराबर है, तो $\frac{b+a}{b-a}$ बराबर है-

(a) 5 (b) 6
(c) 7 (d) 8

3. यदि A का 60% = B का 30% है, तो B = C का 40% और C = A का x% है, तो x का मान है-

(a) 200 (b) 500
(c) 800 (d) 300

4. किसी कार्यालय में स्टाफ का 40% महिलाएँ हैं। 70% महिला स्टाफ और 50% पुरुष स्टाफ विवाहित है। कार्यालय में अविवाहित स्टाफ का प्रतिशत क्या है?

(a) 64 (b) 60
(c) 54 (d) 42

5. यदि x का 10%, y के 15% का तिगुना हो, तो x:y ज्ञात कीजिए।

(a) 7 : 2 (b) 9 : 2
(c) 8 : 3 (d) 11 4

6. चीनी की कुल मात्रा का 5% भाग बिक जाने के बाद 5 किग्रा. चीनी बचती है। चीनी की कुल मात्रा बताइए।

(a) 19 किग्रा (b) $5\frac{5}{19}$ किग्रा
(c) 100 किग्रा (d) 95 किग्रा

7. 1600 का $6\frac{1}{14}\%+800$ का $12\frac{1}{12}\%$ किसके बराबर है?

(a) 100 (b) 200
(c) 300 (d) 400

8. एक संख्या एक दूसरी संख्या की 25% है। बड़ी संख्या छोटी संख्या से 12 अधिक है। बड़ी संख्या क्या है?

(a) 48 (b) 16
(c) 4 (d) 12

9. दो संख्याएँ एक तीसरी संख्या की तुलना में 10% और 25% कम हैं। दूसरी संख्या को पहली संख्या के बराबर करने के लिए कितने प्रतिशत से बढ़ाना होगा?

(a) 16.67 प्रतिशत (b) 20 प्रतिशत
(c) 15 प्रतिशत (d) 60 प्रतिशत

10. यदि एक संख्या का 40% बराबर है 290 के, तो वह संख्या कौन-सी है जो प्रारंभिक संख्या से 20% अधिक है?

(a) 870 (b) 725
(c) 825 (d) 680

11. दो संख्याओं में से छोटी संख्या का 65% बड़ी संख्या के 45% के बराबर है। यदि संख्याओं का योग 2574 है, बड़ी संख्या का मान क्या है?

(a) 1521 (b) 1471
(c) 1641 (d) 1419

12. दो संख्याओं में से, छोटी संख्या का 30% बड़ी संख्या के 18% के बराबर है। यदि संख्याओं का योग 840 है, तो बड़ी संख्या का मान क्या है?

(a) 545 (b) 507
(c) 515 (d) 525

13. एक संख्या के 44% और उसी संख्या के 33% के बीच का अंतर 286 है। उस संख्या का 54% क्या है?

(a) 1564 (b) 1404
(c) 1456 (d) 1304

14. एक संख्या के 66% और उसी संख्या के 44% के बीच का अंतर 275 है। उस संख्या का 64% क्या होगा?

(a) 800 (b) 840
(c) 760 (d) 600

15. दो संख्याएँ एक तीसरी संख्या से क्रमश% 25 एवं 36 कम है। दूसरी संख्या पहली संख्या से लगभग कितना प्रतिशत कम है?

(a) 11% (b) 18%
(c) 52% (d) 61%

16. यदि 120 को x% किया जाए तो वही परिणाम प्राप्तत होगा जो 40 को x% बढ़ाने पर प्राप्त होता है। तब 210 का x%, 180 के (x+20)% से कितने प्रतिशत कम होगा?

(a) $33\frac{1}{3}\%$ (b) 18
(c) $16\frac{2}{3}\%$ (d) 20

17. एक छात्र $\frac{4}{5}$ ने के बजाय $\frac{5}{4}$ से किसी एक संख्या का गुणा किया, तो गणना में प्रतिशत त्रुटि क्या होगी?

(a) 36% (b) 54%
(c) 72% (d) 44%

18. एक फैक्ट्री में प्रत्येक कामगार का वेतन 22 : 25 के अनुपात में बढ़ा दिया जाए किंतु कामगारों की संख्या $26\frac{2}{3}$ घटा दी जाए तो वेतन पर निवल प्रभाव क्या होगा

(a) $11\frac{1}{9}\%$ की कमी
(b) 20% वृद्धि
(c) $16\frac{2}{3}\%$ की कमी
(d) 10% की कमी

19. राम और रहीम की आयु में 10 : 11 का अनुपात है। राम की आयु से रहीम की आयु का प्रतिशत बताइए।
(a) $109\frac{1}{11}\%$
(b) 110%
(c) $111\frac{1}{9}\%$ की कमी
(d) 111%

20. आयुष तथा अभिषेक के भार 6 : 11 के अनुपात में है। अभिषेक का भार 25% से बढ़ता है एवं आयुष तथा अभिषेक दोनों का कुल भार 40% से बढ़ता है। यदि कुल भार 119 किग्रा हो जाता है, तो बढ़ने के पश्चात् आयुष का भार (किग्रा) में क्या है?
(a) 45.5
(b) 30
(c) 50.25
(d) 47.25

21. एक आदमी के प्रति दिन काम के घंटे को 20% बढ़ाया गया और उसकी मजदूरी प्रति घंटे 15% तक बढ़ाई गई। उसकी दैनिक आमदनी में कितने प्रतिशत की वृद्धि हुई?
(a) 38%
(b) 35%
(c) 5%
(d) 40%

22. किसी परीक्षार्थी को उत्तीर्ण करने के लिए 40% अंक प्राप्त करते हैं। वह 180 अंक प्राप्त करता है और बराबर अंकों से अनुत्तीर्ण हो जाता है। परीक्षा में पूर्णांक कितने हैं?
(a) 900
(b) 1000
(c) 1050
(d) 800

23. एक व्यक्ति एक परीक्षा में कुल अंकों का 45% अंक प्राप्त करता है तथा 40 अंकों से अनुत्तीर्ण हो जाता है। परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिए 55% अंक चाहिए। परीक्षा के अधिकतम अंक कितने हैं?
(a) 300
(b) 350
(c) 400
(d) 500

24. उत्तीर्ण होने हेतु आवश्यक अंक 40% है। किसी छात्र को 250 अंक मिलते है परंतु फिर भी वह 38 अंकों से अनुत्तीर्ण हो जाता है। अधिकतम अंक क्या है?
(a) 720
(b) 750
(c) 800
(d) 840

25. 300 अंकों की एक परीक्षा में एक छात्र को 75 अंक मिले हैं अगर उसने 6 अतिरिक्त अंक पाए होते तो वह उत्तीर्ण होने योग्य प्रतिशत प्राप्त कर लेता। उत्तीर्ण होने योग्य प्रतिशत (अर्हतांक प्रतिशत) क्या है?
(a) 25
(b) 30
(c) 35
(d) 27

26. एक परीक्षा में 54%विद्यार्थी विज्ञान में सफल हुए एवं 42% गणित में असफल हुए। यदि 32% विद्यार्थी दोनों विषयों में असफल हुए। कितने प्रतिशत विद्यार्थी दोनों विषयों में सफल हुए?
(a) 56%
(b) 48%
(c) 32%
(d) 44%

27. यदि चीनी का मूल्य 18% कम किया जाता है तो एक व्यक्ति 4500 रुपए में 16.2 किग्रा अधिक चीनी खरीद पाता है। चीनी का नया मूल्य (रुपए में) प्रति किग्रा क्या होगा?
(a) 40
(b) 60
(c) 45
(d) 50

28. एक विश्वश्विद्यालय में विज्ञान, गणित और भाषा का अध्ययन करने वाले छात्रों की संख्या 2 : 4 : 9 के अनुपात में है। यदि विज्ञान, गणित और भाषा के छात्रों की संख्या में क्रमश: 10%, 20% और 40% की वृद्धि की जाती है, तो नया अनुपात क्या होगा?
(a) 63 : 11 : 24
(b) 12 : 23 : 63
(c) 24 : 11 : 63
(d) 11 : 24 : 63

29. P की आय Q की आय से 50% अधिक है तथा Q की आय R की आय से 50% अधिक है। P की आय R की आय से कितने प्रतिशत अधिक है?
(a) 225
(b) 150
(c) 125
(d) 100

30. यदि A की आयु B की आय से 40% अधिक हो, तो B की आय A की आय से कितने प्रतिशत कम है?

(a) $27\frac{4}{7}\%$

(b) $28\frac{5}{7}\%$

(c) $27\frac{5}{7}\%$

(d) $28\frac{4}{7}\%$

उत्कर्ष

उत्कर्ष

उत्कर्ष